उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्याः–131 /06/प्र0सहा0 (वि0वि0)/G-2/2024-25 दिनांकः 16 अगस्त 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्याः: A-1/DR/S-3/2023-24 दिनांक 28.06.2023 द्वारा **प्रयोगशाला सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला (समूह 'ग') परीक्षा–2023** के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसके क्रम में दिनांक 26 मई 2024 को लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा आयोजित की गयी। लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा में खण्ड–ब के अन्तर्गत विषयपरक जानकारी से सम्बन्धित विषयों के प्राप्तांक को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया विनियमावली–2022 के प्राविधान के आलोक में स्केल्ड किया गया है, जिसके क्रम में खण्ड–अ के मूल अंक एवं खण्ड–ब के स्केल्ड अंक के योग से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर रिक्तियों के तीन गुना अनुपात में अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन सूची में सम्मिलित करते हुए अभिलेख सत्यापन सूची निर्गत की गयी है। अभ्यर्थियों के लिये अभिलेख सत्यापन सूची एवं अन्तिम उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** पर प्रसारित की गई है। यह भी सूचित किया जाता है कि अभिलेख सत्यापन सूची के अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावों का परीक्षण सम्बन्धित मूल अभिलेखों से किया जायेगा। यदि प्रमाण पत्रों से दावों की पुष्टि नहीं होगी तब अभ्यर्थन निरस्त करने के सम्बन्धित कार्यवाही नियमानुनसार की जायेगी। अभिलेख सत्यापन की तिथि इत्यादि से सम्बंधित विस्तृत कार्यक्रम आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रसारित किया जायेगा।

-Sd-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव